गौतम नगर की बदहाल सड़क गड्ढों में कर रहे सफर

नवभारत मुहिम

बदहाल सड़कें

एमपी नगर जोन-1 और जोन-2 को जोड़ने वाली चेतक ब्रिज के नीचे की सड़क का दृश्य

बारिश में बढ़ी वाहन चालकों की परेशानी

पानी भरने से दिखाई नहीं देते गड्ढे

सिटी रिपोर्टर

भोपाल, 17 सितंबर. गौतम नगर की सड़क लंबे समय से बदहाली का शिकार है. वार्ड 58 के इस मार्ग पर जगह-जगह बड़े गड्ढे हो गए हैं.

बारिश के बाद स्थिति और खराब हो गई है. कई गड्ढों में पानी भर जाने से उनकी गहराई दिखाई नहीं देती, जिससे दोपहिया वाहन चालकों को संभलकर निकलना पड़ता है. रहवासियों का कहना है कि सड़क की समस्या नई नहीं है, लेकिन इसके बावजूद स्थायी सुधार नहीं कराया जा रहा है.

गौतम नगर की यह सड़क आसपास के रहवासी क्षेत्रों को मुख्य मार्गों से जोड़ती है. दिनभर यहां दोपहिया और चारपहिया वाहनों की आवाजाही रहती है. सड़क पर बने गड्ढों के कारण वाहन चालकों को बार-बार रफ्तार कम करनी पड़ती है. बारिश के दौरान स्थिति ज्यादा खराब हो जाती है. पानी से भरे गड्ढों का अंदाजा नहीं लगने के कारण दोपहिया वाहन चालकों के फिसलने और असंतुलित होने का खतरा बना रहता है.

रहवासियों के अनुसार, सड़क की मरम्मत को लेकर कई बार जिम्मेदारों से शिकायत की जा चुकी है. कुछ स्थानों पर गड्ढों को भरने की कोशिश जरूर हुई, लेकिन कुछ समय बाद सड़क फिर उखड़ गई. लोगों का कहना है कि सिर्फ गड्ढों में मलबा या अन्य सामग्री डालने से समस्या का समाधान नहीं होगा. सड़क की गुणवत्ता के साथ पूरी तरह मरम्मत कराना जरूरी है.

पानी भरा रहने से हादसे की आशंका

गौतम नगर की सड़क पर लंबे समय से गड्ढे बने हुए हैं. बारिश में इनमें पानी भर जाता है और वाहन चालकों को पता नहीं चलता कि गड्ढा कितना गहरा है. दोपहिया वाहन चालकों को सबसे ज्यादा परेशानी होती है. -सुरेश प्रजापति

वार्ड 58 की इस सड़क से रोज बड़ी संख्या में लोग निकलते हैं. सड़क खराब होने के कारण वाहन धीरे चलाने पड़ते हैं. कई जगह गड्ढों से बचने के लिए वाहन दूसरी तरफ ले जाना पड़ता है. — विनोद शर्मा

सड़क की हालत बारिश के बाद और खराब हो गई है. रात के समय पानी भरे गड्ढे दिखाई नहीं देते. ऐसे में दुर्घटना का खतरा बना रहता है. जिम्मेदार विभाग को मौके का निरीक्षण कर स्थायी काम कराना चाहिए. - कमलेश अहिरवार

कई साल से सड़क की हालत खराब है. हर बार गड्ढे भरने की बात होती है, लेकिन कुछ समय बाद फिर वही स्थिति हो जाती है. इस बार पूरी सड़क की मरम्मत की जरूरत है. - सुमित मालवीय

गौतम नगर की यह सड़क आसपास के इलाकों के लिए महत्वपूर्ण है. रोजाना आने-जाने वालों को गड्ढों के कारण परेशानी होती है. बारिश में समस्या और बढ़ जाती है. - अनिल सेन

बड़े गड्ढों के कारण वाहन निकालना मुश्किल हो जाता है. दोपहिया वाहन चालकों को अचानक ब्रेक लगाना पड़ता है या गड्ढे से बचने के लिए दिशा बदलनी पड़ती है. सड़क का स्थायी सुधार होना चाहिए. - राजकुमार वर्मा

लूट की वारदात करने वाले 5 आरोपी गिरफ्तार

भोपाल. जहांगीराबाद पुलिस ने लूट की वारदात करने वाले 5 आरोपियों शहबाज खान उर्फ सब्बू, रेहान खान, बादशाह उर्फ नजर, अयान खान और मेहफूज खान को गिरफ्तार किया गया है. सभी आरोपी अर्जुन नगर बस्ती में छुपे थे. उनके पास से वारदात में लूटे गए दो मोबाईल और हथियार बरामद किए. फरियादी वीरेन्द्र सिंह राजपूत निवासी आचार्य नरेंद्र देव नगर ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी. 11 सितंबर को देर रात वह कार में अपने साथी बंटी अहिरवार, रोहित अहिरवार के साथ सुभाष नगर मेट्रो डिपो बैठे थे. एक ऑटो में दो-तीन अज्ञात लोग आये अड़ीबाजी की. रुपए नहीं मिलने पर फरियादी का मोबाइल लेकर आरोपी भाग निकले थे.

संभागायुक्त ने पंजीयन योजना का किया शुभारंभ

ग्रामीणों को मिलेगा संपत्ति का मजबूत दस्तावेजी अधिकार

नवभारत संवाददाता

भोपाल, 17 सितंबर. संभागीय आयुक्त कर्मवीर शर्मा ने गुरुवार को सेवा संकल्प अभियान के तहत रायसेन जिले की सेहतगंज ग्राम पंचायत से स्वामित्व अधिकार अभिलेख निष्पादन एवं पंजीयन योजना शुभारंभ किया.

इस दौरान संभागायुक्त कर्मवीर शर्मा ने बताया कि प्रक्रिया को आसान बनाने के लिए ग्राम और पंचायत स्तर पर शिविर लगाए जाएंगे. आवेदन सार एप के माध्यम से होगा, जबकि पंजीयन संपदा एप पर किया जाएगा. इसके लिए भूमि की लैंड लिंकिंग और समग्र आईडी से ई-केवाईसी जरूरी होगी. स्वामित्व योजना के तहत ग्रामीण क्षेत्रों की आबादी भूमि पर तैयार किए गए अधिकार अभिलेखों का अब निःशुल्क पंजीयन किया जाएगा. प्रदेश में करीब 50 लाख निजी संपत्तियों के अधिकार अभिलेखों के पंजीयन का लक्ष्य है. इसके लिए हितग्राहियों से स्टाम्प ड्यूटी और पंजीयन शुल्क नहीं लिया जाएगा. पंजीयन प्रक्रिया स्थानीय स्तर पर पूरी करने के लिए पटवारी को निष्पादन अधिकारी तथा तहसीलदार, नायब तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक, पीसीओ और एडीईओ को पंजीयन अधिकारी बनाया गया है. अभियान को एक महीने में पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है. कार्यक्रम में सांची विधायक डॉ. प्रभुराम चौधरी, जिला पंचायत अध्यक्ष यशवंत मीणा, अभियान की जिला प्रभारी शिल्पा गुप्ता, कलेक्टर अरुण कुमार विश्वकर्मा मौजूद रहे.

रेल अपराध रोकने क्यूआईआरटी का सहारा

- हर शिकायत पर त्वरित टीम गठित
- 139 से मिली सूचना पर भी कार्रवाई

विशेष प्रतिनिधि

भोपाल, 17 सितंबर. ट्रेनों में होने वाले चोरी, लूट और मारपीट जैसे अपराधों पर लगाम लगाने के लिए शासकीय रेल पुलिस ने त्वरित कार्रवाई की नई व्यवस्था लागू की है.

अपराध की सूचना मिलते ही क्यूआईआरटी यानी त्वरित जांच एवं प्रतिक्रिया दल गठित किया जा रहा है. यह टीम घटना वाले स्टेशन से ठीक पहले के स्टेशन से रवाना होकर गश्त करते हुए घटनास्थल तक पहुंचती है. रास्ते में संदिग्ध नजर आने पर उससे पूछताछ की जाती है. वहीं, सफर कर रहे यात्री की शिकायत अगले स्टेशन पर ही उसके कोच में पहुंचकर दर्ज की जा रही है. इस व्यवस्था से रेल अपराधों में चोरी गए सामान की बरामदगी बढ़ी है. पहले जहां औसतन करीब पांच प्रतिशत रिकवरी हो पाती थी, अब यह 20 प्रतिशत से अधिक पहुंच गई है. रेलवे हेल्पलाइन 139 पर मिलने वाली चोरी, लूट और मारपीट की शिकायत संबंधित जीआरपी थाने को भेजी जाती है. इसके बाद एक प्रधान आरक्षक और एक आरक्षक की टीम आरोपियों की तलाश के साथ चोरी गए सामान की बरामदगी में जुट जाती है. कई बार आरोपी चुराया माल या नकदी रेलवे लाइन के किनारे फेंक देते हैं, जिसे टीम तलाशकर बरामद करती है. जीआरपी में दर्ज प्रत्येक मामले का फॉलोअप भी लिया जा रहा है. थाना प्रभारी पीड़ित से फोन पर संपर्क कर मामले की वास्तविक स्थिति पता करते हैं. साथ ही यात्री यात्रा समाप्त होने वाले स्टेशन पर शून्य पर मामला दर्ज करा सकेगा, ताकि उसे घटना वाले थाने तक जाने की जरूरत न पड़े.

इनका कहना है

रेल अपराध में आरोपी तक पहुंचना और सामान की बरामदगी सामान्य अपराधों की तुलना में मुश्किल होती है. क्यूआईआरटी व्यवस्था से भोपाल और जबलपुर में रिकवरी बढ़ी है। इंदौर में भी इसे बढ़ाने के निर्देश दिए गए हैं.

-राजाबाबू सिंह, स्पेशल डीजी रेल

टीवी देखने पर पति ने पत्नी को पीटा

भोपाल. लालघाटी क्षेत्र में एक महिला ने अपने पति पर विवाद के दौरान मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने का मामला दर्ज कराया है. महिला का कहना है कि पति उसके टीवी देखने और घर से बाहर जाने पर भी विवाद करता है. पहले भी मारपीट की शिकायत की थी, लेकिन पति के माफी मांगने पर उसने समझौता कर लिया था. पुलिस के अनुसार अंवतिका परिसर, गुफा मंदिर रोड निवासी 29 वर्षीय सोनी विश्वकर्मा ने बताया कि 16 सितंबर की रात करीब 11 बजे उसने पति राहुल विश्वकर्मा को खाना दिया था. इसके बाद पति ने उसके ज्यादा बोलने और अपने हिसाब से नहीं रहने की बात कहते हुए विवाद शुरू कर दिया.

गर्ल्स स्कूल में विकसित की सुंदर वाटिका

- छात्राओं ने पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया

नवभारत न्यूज

बैरसिया, 17 सितंबर. सेवा संकल्प अभियान गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर पीएमश्री शासकीय सरोजिनी नायडू कन्या उमावि बैरसिया में छात्राओं ओर शिक्षकों ने स्कूल परिसर में एक सुंदर वाटिका तैयार कर पौधारोपण किया.

वरिष्ठ शिक्षक दिनेश कुमार शुक्ला के मुताबिक सेवा संकल्प अभियान का शुभारंभ करते हुए प्राचार्या गीता जोशी ने प्रार्थना सभा में छात्राओं एवं समस्त स्टाफ को स्वच्छता की शपथ दिलाई.

इसके बाद शासन के निर्देशानुसार स्कूल परिसर में स्वच्छता अभियान चलाकर पूरे परिसर की साफ-सफाई की. अभियान के दौरान स्कूल परिसर में एक सुंदर वाटिका का निर्माण किया गया. उल्लेखनीय है कि प्राचार्य गीता जोशी लंबे समय से प्रयासरत थीं कि परिसर को आकर्षक ओर हराभरा बनाने हेतु एक सुंदर वाटिका विकसित की जाए. सेवा संकल्प अभियान के पहले दिन उनकी मंशा पूरी हुई और छात्राओं ने सुंदर वाटिका विकसित कर उसमें विभिन्न प्रजातियों के फल फूलों के पौधों का रोपण किया. इस अवसर पर प्राचार्य गीता जोशी, सुरेश रविवार, सुजाता पुरोहित, निधि श्रीवास्तव , राजेंद्र कुशवाह, पूनम आर्य, एमएस ठाकुर, अर्चना कुशवाह, सहाना कौसर, रमा दांगी, मानशी शर्मा , रागिनी पटेरिया समेत समस्त स्टाफ मौजूद था.

अतिथि विद्वानों ने फॉलआउट प्रक्रिया रोकने की मांग की

विशेष संवाददाता

भोपाल, 17 सितंबर . अतिथि विद्वानों ने गुरुवार को पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह से मुलाकात कर फॉलआउट प्रक्रिया जारी रहने को लेकर अपनी चिंताएं रखीं. उन्होंने कहा कि पूर्व में इसे रोकने का आश्वासन दिए जाने के बावजूद प्रक्रिया जारी है.

अतिथि विद्वानों ने बताया कि 11 सितंबर 2023 को आयोजित अतिथि विद्वान महापंचायत में तत्कालीन सीएम शिवराज सिंह चौहान ने फॉल-आउट प्रक्रिया बंद करने की घोषणा की थी.

महिला अतिथि विद्वानों ने सिंह को बताया कि 28 अगस्त 2026 को रक्षाबंधन के अवसर पर उज्जैन में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने महिला अतिथि विद्वानों से राखी बंधवाई थी. उन्होंने नियमितीकरण नीति तैयार होने तक फॉलआउट प्रक्रिया स्थगित रखने का आश्वासन दिया था. अतिथि विद्वानों के अनुसार, इसके विपरीत उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार ने प्रक्रिया रोकने से इनकार किया है. उन्होंने आरोप लगाया कि दशकों से सेवाएं दे रहे अतिथि विद्वानों को भी हटाया जा रहा है. दिग्विजय सिंह ने कहा कि कांग्रेस उनकी मांगों का समर्थन करती है.

पीड़ितों के दर्द पर ध्यान दें : कांग्रेस

भोपाल. अभा कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता अभय दुबे ने गुरुवार को प्रधानमंत्री के जन्मदिन के अवसर पर प्रस्तावित दीप प्रज्ज्वलन कार्यक्रम पर सवाल उठाते हुए कहा कि यह सरकार द्वारा पहले खाद्य तेल की खपत कम करने की अपील के विपरीत है. पत्रकार वार्ता में दुबे ने पीएम को जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं तथा भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के मध्य प्रदेश के प्रथम आगमन पर उनका स्वागत किया. दुबे ने कहा कि संसाधनों का उपयोग आपदा प्रभावित लोगों की मदद के लिए किया जाना चाहिए. जहां घरों के चिराग बुझ गए हों, वहां दीये रोशन नहीं होते.

बाइक सवार ने एसआई को मारी टक्कर

भोपाल. चूनाभट्टी इलाके में एक बाइक सवार एसआई पृथ्वीसिंह रघुवंशी सड़क हादसे का शिकार हो गए. सोमवार को एसआई ने थाने में अज्ञात बाइक सवार के खिलाफ मामला दर्ज कराया.

म.प्र. मत्स्य महासंघ (सह.) मर्या., भोपाल

वार्षिक साधारण सभा की सूचना

क्रमांक/1634/ममसं/स्था./2026-27 भोपाल, दिनांक : 16.09.2026

म.प्र. मत्स्य महासंघ (सह.) मर्यादित, भोपाल की 29वीं वार्षिक साधारण सभा **दिनांक 30.09.2026 को दोपहर 12.30 बजे,** सभाकक्ष भदभदा मत्स्य बीज प्रक्षेत्र, भदभदा रोड, भोपाल में आयोजित की गयी है। साधारण सभा में महासंघ के सदस्य मत्स्य सहकारी समितियों के प्रतिनिधि सादर आमन्त्रित हैं। नियत समय पर कोरम पूर्ण न होने पर साधारण सभा की बैठक आधा घण्टे स्थगित की जाकर पुन: आयोजित की जावेगी, जिसमें कोरम आवश्यक नहीं होगा।

म.प्र. माध्यम/128101/2026 सचिव

मॉयल लिमिटेड

भारत सरकार का एक उद्यम

मॉयल भवन, 1—ए, काटोल रोड, नागपुर—440013

वेबसाईट: www.moil.nic.in | फैक्स: 0712-2592073 | CIN No.: L99999MH1962GOI012398

विभिन्न पदों के लिए भर्ती सूचना

मॉयल लिमिटेड, मिनिरत्न श्रेणी—1, अनुसूची "ए" सीपीएसई इस्पात मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन, निम्नानुसार आवेदन आमंत्रित करता है।

क्रम संख्या	पद का नाम	पदों की संख्या
1.	प्रबंधक (सर्वेक्षण) (ई—02) (07/10/2026 को वॉक—इन—इंटरव्यू)	03

विस्तृत जानकारी के लिए हमारी वेबसाइट **www.moil.nic.in** पर "Recruitment" लिंक पर लॉगऑन करें। इस विज्ञापन से संबंधित किसी भी संशोधन सूचना को केवल MOIL वेबसाइट पर ही अधिसूचित किया जाएगा।

महाप्रबंधक (खान) और
अतिरिक्त प्रभार विभाग प्रमुख (कार्मिक)

(हर एक काम, देश के नाम) (MOIL - Adding Strength to Steel)

औद्योगिक नगरी मंडीदीप में धूमधाम से मनाई विश्वकर्मा जयंती

नवभारत न्यूज

मंडीदीप, 17 सितंबर. औद्योगिक नगरी मंडीदीप में गुरुवार को भगवान विश्वकर्मा जयंती श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाई गई. इस अवसर पर विभिन्न कंपनियों, कारखानों एवं प्रतिष्ठानों में विशेष पूजा-अर्चना का आयोजन किया गया.

कंपनियों में कर्मचारियों और प्रबंधन द्वारा भगवान विश्वकर्मा का पूजन कर सुख-समृद्धि एवं उद्योगों की उन्नति की कामना की गई. इसके साथ ही कारखानों में उपयोग होने वाले औजारों, मशीनों एवं अन्य उपकरणों की विधि-विधान से पूजा की गई. कई स्थानों पर मशीनों की साफ-सफाई कर उन्हें फूल-मालाओं से सजाया गया. औद्योगिक क्षेत्र में दिनभर धार्मिक एवं उत्साहपूर्ण माहौल देखने को मिला. कर्मचारियों ने एक-दूसरे को शुभकामनाएं दीं.

शांति समिति की बैठक संपन्न

नवभारत न्यूज

रूनाहा, 17 सितंबर. ग्राम पंचायत भवन रुनहा में शांति समिति की बैठक हुई. बैठक में थाना प्रभारी शहवाज खान ने गणेश उत्सव आपसी भाईचारे से मनाने का संदेश दिया.

बैठक में अखिलेश पटेल, कमल सिंह लोधी, सरपंच भगवान सिंह गौर, पप्पू गौर, हेमराज विश्वकर्मा, रोहित तिवारी, प्रताप गुर्जर, दीपक माहेश्वरी, गोविंद गौर, गोलू केवट, श्रीकांत गौर, राजेश गौर, राम सिंह सोलंकी, प्रेम सिंह सुनग, मेहताब सिंह झाला, कोमल पंडा जी, बबलू पंडा , सचिन गौर, लाला सोलंकी, दिनेश नगर, जंग बहादुर सिंह देवड़ा, छोटू बना, दिलीप गौर, भगवान सिंह गुर्जर आदि उपस्थित थे.

डिजिटल लेनदेन महंगा होने की आशंका से व्यापारी चिंतित

- दवा, जिम और होटल कारोबारियों ने जताई चिंता
- भविष्य में और अधिक शुल्क बढ़ने की आशंका

सिटी रिपोर्टर

भोपाल, 17 सितंबर. डिजिटल भुगतान बढ़ने के साथ 2 हजार रुपए से अधिक के यूपीआई भुगतान पर 0.4 प्रतिशत एमडीआर (मर्चेंट डिस्काउंट रेट) शुल्क लगाए जाने की प्रस्तावित व्यवस्था को लेकर भोपाल के कारोबारियों में चिंता है.

व्यापारियों का कहना है कि सरकार और बैंकों ने पिछले कुछ वर्षों में डिजिटल भुगतान को बढ़ावा दिया है और कारोबारियों ने भी इसे अपने रोजाना के लेनदेन का हिस्सा बनाया है. ऐसे में बड़े डिजिटल भुगतान पर शुल्क लगने से खासकर कम मार्जिन वाले कारोबारियों की लागत बढ़ सकती है. कारोबारियों के मुताबिक 2500 रुपए के भुगतान पर करीब 10 रुपए, 5 हजार पर 20 रुपए, 10 हजार पर 40 रुपए और 25 हजार रुपए के भुगतान पर करीब 100 रुपए एमडीआर बनता है. रोजाना बड़ी संख्या में डिजिटल भुगतान होने पर महीनेभर में यह रकम कारोबारियों के लिए अतिरिक्त खर्च बन सकती है. दवा कारोबारियों ने कम लाभांश में काम करने का हवाला देते हुए शुल्क को बोझ बताया. वहीं, होटल और जिम संचालकों का कहना है कि उनके यहां नियमित रूप से बड़े डिजिटल भुगतान होते हैं. ग्राहकों के नकद के बजाय यूपीआई और अन्य डिजिटल माध्यमों को प्राथमिकता देने से डिजिटल लेनदेन लगातार बढ़ रहे हैं.

भविष्य में शुल्क बढ़ने की आशंका

कुछ कारोबारियों को आशंका है कि शुरुआत में 0.4 प्रतिशत शुल्क सीमित दिखाई दे रहा है, लेकिन भविष्य में इसमें बढ़ोतरी की जा सकती है. उनका कहना है कि शुल्क बढ़ने पर कारोबारियों की लागत और बढ़ेगी. व्यापारियों ने व्यवस्था को लेकर स्पष्टता की मांग करते हुए कहा कि डिजिटल भुगतान को आसान और किफायती बनाए रखना जरूरी है.

नकद भुगतान की ओर लौटने का डर

व्यापारियों का कहना है कि अतिरिक्त शुल्क के कारण कुछ कारोबारी बड़े यूपीआई भुगतान के बजाय नकद भुगतान लेने या रकम को अलग-अलग हिस्सों में लेने की कोशिश कर सकते हैं. इससे डिजिटल भुगतान की सहजता प्रभावित हो सकती है.

इनका कहना है...

भोपाल चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के सचिव अजय देवनानी ने बताया कि सूचना सामने आने के बाद शहर के कई व्यापारियों ने चैंबर से संपर्क कर अपनी चिंता जताई है. उनका कहना है कि व्यापारी डिजिटल और नकद रहित अर्थव्यवस्था के साथ हैं, लेकिन नए शुल्क का असर सीधे कारोबार की लागत पर पड़ेगा.

छत्तीसगढ़ शासन वन विभाग

सरगुजा वनमण्डल, अम्बिकापुर (छ.ग.)

नीलाम सूचना

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है, कि सरगुजा वनमण्डल, के अधीनस्थ काष्ठागार अम्बिकापुर, में भण्डारित ईमारती एवं जलाऊ काष्ठ का दर्शित तिथि एवं समय में ई-ऑक्शन किया जावेगा। इच्छुक व्यापारियों एवं अन्य क्रेताओं से अनुरोध है कि वे ई-ऑक्शन में भाग लेवें। ई-ऑक्शन से संबंधित शर्तें एवं अन्य जानकारी कार्यालयीन दिवस व समय पर वनमण्डल कार्यालय / काष्ठागार अम्बिकापुर से प्राप्त की जा सकती है।

काष्ठागार अम्बिकापुर

नीलाम दिनांक- 24.09.2026 **समय- प्रातः 09.00 बजे से**

प्रजाति	नया वनोपज		पुराना वनोपज		योग वनोपज	
	लट्ठा (घ.मी.)	बल्ली (नग)	लट्ठा (घ.मी.)	बल्ली (नग)	लट्ठा (घ.मी.)	बल्ली (नग)
सागौन	36.747	363	39.113	1546	75.88	1909
साल	281.096	0	4753.716	1790	5034.812	1790
साजा	0	0	32.545	25	32.545	25
धावड़ा	0	0	38.093	31	38.093	31
सलैया	0	0	45.605	6	45.605	6
हल्दू	0	0	16.672	0	16.672	0
नीलगिरी	0	0	0	0	0	0
खम्हार	0	0	75.915	2382	75.915	2382
अन्य	45.317	0	894.611	1308	939.928	1308
बांसा	0	0	1.997	0	1.997	0
योग:-	**363.16**	**363**	**5898.267**	**7088**	**6261.447**	**7451**
जलाऊ	**0**	**-**	**867**	**Chatta**	**867**	**Chatta**

टीप:-

1. क्रेताओं को ई-ऑक्शन से पूर्व एम.एस.टी.सी. ई-कॉमर्स पोर्टल में रजिस्ट्रेशन करना अनिवार्य है।
2. क्रेताओं को ई-ऑक्शन केपूर्व क्रय लॉटों केअपसेट प्राईज मूल्य के10 प्रतिशत की राशि अपने वालेट में रखना अनिवार्य है। सफल बोलीदार को एक सप्ताह के भीतर शेष 15 प्रतिशत ई.एम.डी. की राशि जमा करना अनिवार्य है।
3. लॉट की थप्पी सूची एवं फोटो एम.एस.टी.सी. ई-कॉमर्स पोर्टल में अपने आई.डी. से लॉग इन करके देख सकते हैं।
4. ई-ऑक्शन में लॉट क्रय केपश्चात् प्रथम क्रेता को 30 सेकण्ड का समय प्राप्त होगा, उसी लॉट में अन्य क्रेताओं द्वारा 20 सेकण्ड के पूर्व क्रय करने पर 20 सेकण्ड का समय प्राप्त होगा।

वनमण्डलाधिकारी
सरगुजा वनमण्डल अम्बिकापुर
(छ.ग.)

262703265/8

पश्चिम मध्य रेल

खुली ई-निविदा सूचना, दिनांक 15.09.2026

वरिष्ठ मंडल अभियंता/सम./पश्चिम मध्य रेल, भोपाल, भारत संघ के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए उनके समक्ष दर्शाई गई दिनांक को 15.30 बजे तक ई-टेन्डर आमंत्रित करते है। संपूर्ण निविदा प्रपत्र तथा निविदा से सम्बंधित पूर्ण जानकारी वेबसाइट http://www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है एवं मंडल रेल प्रबंधक (कार्य) पश्चिम मध्य रेल, भोपाल कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर भी देखी जा सकती है। इस टेन्डर के लिये कोई मैन्युअल ऑफर मान्य नहीं है। इस निविदा में कोई आवश्यक संशोधन, यदि जरुरी हो, तो निविदा खुलने के पूर्व वेबसाइट पर अपलोड कर दिया जायेगा तथा मंडल रेल प्रबंधक (कार्य) कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर लगाया जायेगा। जिसे टेन्डर खुलने के दिन तक देखा जा सकता है। निविदाकारों से निवेदन है, कि वह जीएसटी कानून 2017 के प्रावधानों के अनुसार अपने दर तथा निविदाएं प्रस्तुत करें। **(1) निविदा सूचना संख्या WCR-BPL-W-:** 26-27-W-18-100 **दिनांक:** 10.09.2026 **कार्य का नाम लोकेशन सहित:** गुना-ग्वालियर सेक्शन: रेल नवीनीकरण के माध्यम से टीआरआर (P) भाग A) किमी 1124.9-1134.267, किमी 1138.43-1142.0 और किमी 1143.5-1161.1, भाग B) किमी 1161.1-1169.1 और किमी 1170.8-1192.8 तथा भाग C) किमी 1192.8-1194.6, किमी 1226.4-1229.0, किमी 1260.1-1267.2, किमी 1284.1-1287.0, किमी 1288.2-1290.0 और किमी 1292.7-1293.4, कुल 77.437 किमी एडीईएन/ शिवपुरी सेक्शन के अंतर्गत। **निविदा की अनुमानित लागत:** ₹ 93958935.58/- **बयाना राशि:** ₹ 1879200/- **कार्य समाप्ति अवधि:** 18 माह **निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि:** 06.10.2026 **(2) निविदा सूचना संख्या WCR-BPL-W:** 26-27-W-19-101 **दिनांक:** 10.09.2026 **कार्य का नाम लोकेशन सहित:** गुना-ग्वालियर सेक्शन: रेल नवीनीकरण टीआरआर के माध्यम से, भाग A) किमी 1196.4-1226.4, भाग B) किमी 1229.0-1256.6 & किमी 1277.8-1281.5 और भाग C) किमी 1298.0-1311.950, कुल 75.25 किमी एडीईएन/ शिवपुरी सेक्शन के तहत। **निविदा की अनुमानित लागत:** ₹ 93005966.88/- **बयाना राशि:** ₹ 1860100/- **कार्य समाप्ति अवधि:** 18 माह **निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि:** 06.10.2026 **(3) निविदा सूचना संख्या WCR-BPL-W-:** 26-27-W-20-102 **दिनांक:** 10.09.2026 **कार्य का नाम लोकेशन सहित:** वार्षिक रखरखाव अनुबंध की अवधि 2 साल के लिए जिसमें भोपाल डिवीजन, वेस्ट सेंट्रल रेलवे में काम करने वाली EEC मेक की 10 संख्या मॉडल नं. DIGISCAN DS 322 AT, सीरियल नं. DS39L5, DS40LS, DS41LS, DS42LS, DS44LS, DS45LS, DS46LS, DS47LS, DS97 LU और DS98 LU वेल्ड टेस्टर USFD मशीनों के स्पेयर पार्ट्स की आपूर्ति शामिल है। **निविदा की अनुमानित लागत:** ₹ 2517530.00/- **बयाना राशि:** ₹ 50400/- **कार्य समाप्ति अवधि:** 24 माह **निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि:** 06.10.2026 **(4) निविदा सूचना संख्या WCR-BPL-W-:** S-17-103 **दिनांक:** 11.09.2026 **कार्य का नाम लोकेशन सहित:** विविध पी. वे मरम्मत और ट्रैक का रखरखाव एसएसई/पीवे/एम/ इटारसी के तहत **निविदा की अनुमानित लागत:** ₹ 7497231.8/- **बयाना राशि:** ₹ 150000/- **कार्य समाप्ति अवधि:** 12 माह **निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि:** 05.10.2026 **(5) निविदा सूचना संख्या WCR-BPL-W-:** 26-27-N-31-104 **दिनांक:** 12.09.2026 **कार्य का नाम लोकेशन सहित:** व्हाइट वाश, कलर वाश विशेष मरम्मत और रखरखाव का क्षेत्र सभी आवासीय और सेवा भवनों के लिए, जो एसएसई/वर्क्स/बीना के अधिकार क्षेत्र में आते हैं, डीएसआर 2023 के अनुसार, प्रत्येक की लागत 5 लाख रुपये तक, वर्ष 2026-27 के लिए एडीईएन/एम/ बीना के तहत **निविदा की अनुमानित लागत:** ₹ 8605200.00/- **बयाना राशि:** ₹ 172100.00/- **कार्य समाप्ति अवधि:** 9 माह **निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि:** 05.10.2026 **(6) निविदा सूचना संख्या WCR-BPL-W-:** 26-27-N-32-105 **दिनांक:** 12.09.2026 **कार्य का नाम लोकेशन सहित:** व्हाइट वाश, कलर वाश, विशेष मरम्मत और रखरखाव का क्षेत्र सभी आवासीय और सेवा भवनों के लिए, जो एसएसई/वर्क्स/गुना के अधिकार क्षेत्र में हैं, डीएसआर 2023 के अनुसार, प्रत्येक की लागत 5 लाख रुपये तक, वर्ष 2026-27 के लिए एडीईएन/एम/गुना के अंतर्गत। **निविदा की अनुमानित लागत:** ₹ 8605200.00/- **बयाना राशि:** ₹ 172100.00/- **कार्य समाप्ति अवधि:** 9 माह **निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि:** 05.10.2026

मंडल रेल प्रबंधक (कार्य), प.म.रे., भोपाल

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर